## संक्षिप्त खबरें

### ईद-उल-फितर आज, ईदगाह पर नमाज की तैयारियां हुई पूरी

**कोंच(जालौन)**- मुस्लिम धर्म के पाक और इबादत का रमजान माह के आखिरी दिन मनायी जाने वाली ईद-उल-फितर का त्योहार चांद दिखने के बाद आज शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह सहित नगर की सभी मस्जिदों में सुबह 8:30 बजे अदा की जाएगी। उधर ईदगाह पर जारी तैयारियों का नगर पालिका प्रशासन ने निरीक्षण किया। ईओ मोनिका उमराव, आरआई सुनील कुमार जेई अरुण कुमार सहित ठेकेदार जितेंद्र निरंजन, अमित उपाध्याय आदि ने ईदगाह मैदान की साफ सफाई, गड्ढों में मिट्टी भरे जाने, आने- जाने का रास्ता, पानी और चूने के छिड़काव की व्यवस्था परखी। सारी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त किए जाने के लिए ईओ ने पालिका कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दूसरी ओर, ईदगाह कमेटी द्वारा रंगाई पुताई और साज सज्जा का काम पूरा कर लिया गया है।

### किशोरी संग छेड़छाड़ के आरोप में दो युवकों पर रिपोर्ट दर्ज

**कोंच(जालौन)**- नाबालिग किशोरी संग छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी संग अमीर पुत्र मुन्ना एवं आशु उर्फ मौसम पुत्र चुन्ना ने छेड़खानी की। पुलिस ने उक्त दोनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं उक्त मामला आपसी वाद विवाद से जोड़कर भी देखा जा रहा है। दरअसल किशोरी के पिता और छेड़छाड़ के दोनों आरोपियों से विगत रोज वाद विवाद हुआ था जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर शांति भंग की कार्यवाही की थी।

### पालिका द्वारा पकड़ा गया खूंखार कुत्ता फिर से लौटा, मुहल्ले में दहशत

**दोबारा शिकायत पर फिर पकड़ा गया कुत्ता**

**कोंच(जालौन)**- गत रोज गुरुवार को एक खूंखार कुत्ते को नगर पालिका की टीम पकड़ कर ले गई थी और उसे दूर जंगल में छोड़ दिये जाने की बात कही गई थी, लेकिन शुक्रवार की सुबह वह कुत्ता फिर से मोहल्ले में पहुंच गया। कुत्ते को देख मोहल्ले के लोगों में एक बार फिर से दहशत फैल गई। खूंखार कुत्ते को पुनः देख लोगों ने अपने-अपने बच्चों को घरों के अंदर कर लिया और बाहर राहगीरों से सावधानी बरतने की अपील करते रहे। मोहल्ले के लोगों ने तत्काल ही नगर पालिका प्रशासन को दोबारा कुत्ते के आ जाने की सूचना दी। जिसके बाद पालिका टीम मोहल्ले में पहुंची और उस खूंखार कुत्ते को एक बार फिर से पकड़ कर ले गई। पालिका प्रशासन का दावा है कि टीम ने कस्बे के बाहर ही कुत्ते को छोड़ा था, वहीं मोहल्ले के लोग पालिका प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं। गौरतलब हो कि कस्बे के जयप्रकाश नगर और पटेल नगर में पिछले पांच-छह दिनों से आतंक मचाए खूंखार कुत्ता एक-एक कर पांच लोगों पर हमला बोलकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर चुका था।

### यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में प्रॉपर्टी खरीदना हुआ महंगा, 1 अप्रैल से बढ़ेंगी दरें; क्या होगा नया रेट?

**» यमुना अथॉरिटी ने संपत्ति की दरों में 3.58% की वृद्धि की है, जो 1 अप्रैल से लागू होगी। यह बढ़ोतरी मौजूदा महंगाई दर के कारण की गई है।**

**» अथॉरिटी ने आगामी वित्त वर्ष के लिए 11,811 करोड़ का बजट मंजूर किया है।**



**ग्रेटर नोएडा।** यमुना अथॉरिटी के अधिकार क्षेत्र में प्रॉपर्टी खरीदना अब और महंगा हो गया है। अथॉरिटी ने प्रॉपर्टी की दरों में 3.58 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अधिकारियों का कहना है कि यह बढ़ोतरी मौजूदा महंगाई दर को देखते हुए की गई है। नई दरें 1 अप्रैल से लागू होंगी। अथॉरिटी ने आने वाले वित्त वर्ष के लिए ?11,811 करोड़ का बजट मंजूर किया है। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए 300 करोड़ और नोएडा एयरपोर्ट के लिए 502 करोड़ आवंटित किए गए हैं। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (YEIDA) आने वाले वित्त वर्ष में ज़मीन अधिग्रहण पर सबसे ज्यादा रकम 8,000 करोड़ खर्च करने जा रही है।

# दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस क्षेत्र हमले का शिकार

**» खाड़ी देशों पर ईरानी जवाबी हमले, तेल-गैस कीमतें आसमान छूईं, ट्रंप का कड़ा चेतावनी भरा बयान- वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंका**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली** (विशेष संवाददाता/एजेंसियां): मध्य पूर्व में जारी ईरान बनाम इजराइल-अमेरिका युद्ध अब वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट का रूप ले चुका है। विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस क्षेत्र साउथ पार्स (ईरान-कतर सीमा पर स्थित) पर इजराइल के भीषण हमलों के बाद ईरान ने गुरुवार को कतर के रास लाफान एनर्जी कॉम्प्लेक्स समेत खाड़ी देशों की प्रमुख गैस और तेल सुविधाओं पर मिसाइल तथा ड्रोन हमलों की बौछार कर दी। इन हमलों में दर्जनों लोग मारे गए, जबकि क्षेत्रीय तनाव चरम पर पहुंच गया है। यह युद्ध अब 20वें दिन में प्रवेश कर चुका है। अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने ईरान के अंदर बड़े पैमाने पर हवाई हमले जारी रखे हैं, जबकि ईरान ने जवाब में खाड़ी देशों की ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया है। परिणामस्वरूप "तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल" के पार पहुंच गई हैं और यूरोप-एशिया में प्राकृतिक गैस की कीमतें "35-40 प्रतिशत" तक बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि संघर्ष बढ़ा तो वैश्विक मुद्रास्फीति और मंदी का खतरा गहरा सकता है।

**हमलों का विस्तृत विवरण**

इजराइली हमला: बुधवार को इजराइल ने ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर सटीक हमले किए। यह क्षेत्र विश्व की कुल प्राकृतिक गैस आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करता है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, हमलों में आग लग गई और उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ। IRGC (इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर) के कई ठिकानों को भी निशाना बनाया गया।

ईरानी जवाबी कार्रवाई: गुरुवार सुबह ईरान ने कतर के रास लाफान कॉम्प्लेक्स (दुनिया का सबसे बड़ा LNG निर्यात केंद्र) पर मिसाइल दागीं। साथ ही सऊदी अरब, UAE और अन्य खाड़ी देशों की ऊर्जा सुविधाओं पर ड्रोन हमले रिपोर्ट हुए। कतर में कम से कम 20 लोगों की मौत की खबर है, जबकि आग और विस्फोट से बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। ईरान ने इसे 'आत्मरक्षा' बताया। क्षेत्रीय प्रभाव:लेबनान, वेस्ट बैंक, इराक और सीरिया में भी झड़पें तेज हो गई हैं। कुल मौतों की संख्या 2000 से पार कर गई है। तेल अवीव क्षेत्र में ईरानी मिसाइलों से आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं।

**ट्रंप का तीखा बयान**

अमेरिकी राष्ट्रपति "डोनाल्ड ट्रंप" ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को सीधी चेतावनी दी: 'अगर तेहरान ने कतर या किसी अन्य दोस्त देश पर हमला जारी रखा, तो हम ईरान के पूरे साउथ पार्स गैस फील्ड को उड़ा देंगे। अमेरिका ने इजराइल के इस हमले के बारे में पहले से कुछ नहीं जाना था, लेकिन अब हम पूरी तरह तैयार हैं।'

ट्रंप ने साथ ही कहा कि अमेरिका 'निर्णायक रूप से जीत' रहा है और ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' के तहत और बड़े हमले होने वाले हैं। अमेरिकी रक्षा सचिव पेटे हेगसेथ ने पेंटागन ब्रिफिंग में दावा किया कि अमेरिकी सेनाएं ईरानी हवाई क्षेत्र में गहराई तक घुस चुकी हैं।

**वैश्विक प्रतिक्रिया और चिंता**

संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ ने तत्काल युद्धविराम की अपील की है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर बात कर डी-एस्केलेशन पर जोर दिया। चीन ने ईरान का समर्थन करते हुए कहा कि खाड़ी में स्थिरता बिगाड़ना 'अस्वीकार्य' है। बीजिंग अपनी तेल आपूर्ति को लेकर चिंतित है।

सऊदी अरब और खाड़ी देशों ने हमलों की निंदा की, लेकिन ईरान के साथ सीधा टकराव से बच रहे हैं। भारत पर प्रभाव: कच्चे तेल की ऊंची कीमतें पेट्रोल-डीजल, परिवहन और मुद्रास्फीति को प्रभावित करेंगी। सरकार ने रिजर्व से तेल निकालने और वैकल्पिक स्रोतों की तलाश शुरू कर दी है।

**विशेषज्ञों की राय** ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज (जिससे



विश्व की 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति गुजरती है) यदि बंद हुआ तो वैश्विक अर्थव्यवस्था ठप हो सकती है। यूरोप पहले ही रूसी गैस संकट से जूझ रहा है, अब यह नया झटका और घातक साबित हो सकता है।

**भारत सरकार की तैयारी:** पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, 'हमारे पास पर्याप्त रणनीतिक भंडारण है। आम जनता को घबराने की जरूरत नहीं, लेकिन सतर्क रहें। '

आने वाले घंटों में: इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले हैं। ईरानी विदेश मंत्री ने किसी भी समझौते से इनकार किया है। स्थिति बेहद नाजुक है और हर घंटे नई खबरें आ रही हैं। यह युद्ध अब केवल मध्य पूर्व का नहीं रहा। यह पूरी दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और शांति को चुनौती दे रहा है। भारत जैसे विकासशील देशों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए, वरना 2026 का इतिहास एक और बड़ा संकट दर्ज करेगा।

## आगामी 24 घंटे तक मौसम का बदला रहेगा मिजाज





**● कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक ने किसानों को किया आगाह**


**आगामी 24 घंटे के अंदरआंधी तूफानओला ब्रिज के साथ बरसात की भी संभावना**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिल्कीपुर अयोध्या** तेज हवा के झोंकों के बीचमौसम द्वारा अचानक करवट लेने का मामला अभी शांत नहीं होता दिख रहा है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक द्वारा मौसम को लेकर आगामी 24 घंटे तकखराब रहनेका अंदेशा व्यक्त किया गया है। उनके अनुसार आगामी 24 घंटे तक मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदला रहेगा। जिसके चलते आंधी पानी सहित ओलावृष्टि की भी संभावना पूरी तरह से प्रबल है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक डॉ सीताराम मिश्रा ने मौसम खराबी को लेकर बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम का तापमान अत्यधिक निम्न स्तर पर पहुंच गया है और पूर्वी क्षेत्र में मौसम बेहद गर्म एवं चढ़ाव पर है। उन्होंने बताया कि पश्चिम छोर से चली शरद हवाएं, पूर्वी गर्म हवा से टकरा रही हैं, जिसके चलते मौसम में एक बिछोभ पैदा हो गया है और मौसम अत्यंत खराब हो गया है।

उन्होंने बताया कि आगामी 24 घंटे तक मौसम का यही हाल रहने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने किसानों को आगाह करते हुए बताया कि जिन किसानों की तलहनी फसलें पक कर तैयार हो गई है अथवा कटी पड़ी हैं वह अपने फसल को सुव्यवस्थित कर लें ताकि उनका नुकसान न हो। उन्होंने बताया कि यह स्थिति आगामी 24 घंटे तक बनी रहने की पूरी उम्मीद है। मौसम खराबी को लेकर एक सप्ताह पूर्व बीते 14 मार्च को ही उनके द्वारा आगाह कर दिया गया था कि मौसम अत्यंत खराब होगा, जिसमें आंधी तूफान ओलावृष्टि के साथ बरसात भी शामिल थी।

## दिल्ली की जमा मस्जिद में अदा की गयी अलविदा जुमे की नमाज़ देश में अमन और भाईचारा कायम रहने की मंगी गयी दुआएं



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बादल हुसैन**

**नई दिल्ली,** रमज़ान के पाक महीने का आखिरी जुम्मा अलविदा शुक्रवार को पूरे देश में अकीदत और एहतराम के साथ अदा किया गया। दिल्ली की की मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग नमाज के लिए पहुंचे और देश दुनिया में अमन, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। दिल्ली की ऐतिहासिक जमा मस्जिद पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए, जहां हजारों लोगों ने अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की।

नमाजियों ने खुदा की इबादत के बाद मुल्क में अमन चैन, भाईचारा और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी। वहीं नमाज के लिए खास इंतजाम किए गए थे। ताकि आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)**- कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ युवक को गिरफ्तार किया। कोतवाली कोंच के उप निरीक्षक शिवनारायण ने शुक्रवार को नगर में महेशपुरा रोड चौराहे से चेकिंग गश्त के दौरान गगन उर्फ छोटू चतुर्वेदी निवासी ग्राम घमूरी कोतवाली कोंच को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर पुलिस ने गगन को जेल भेज दिया है।

## राजकीय रेशम फॉर्म कजरीकुंड पर रेशम विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रेशम योजना अंतर्गत एकदिवसीय जनपद स्तरीय रेशम मेले/प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज विकासखंड अंतर्गत राजकीय रेशम फॉर्म कजरीकुंड पर रेशम विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रेशम योजना अंतर्गत एकदिवसीय जनपद स्तरीय रेशम मेले/प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. राज्य मंत्री, उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश महेश कुमार शुक्ल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

विशिष्ट अतिथि विधायक हरैया प्रतिनिधि सरोज मिश्र द्वारा भी प्रतिभागियों को योजना से जुड़कर स्वावलंबी बनने की शुभकामनाएं दी गयी। कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डा. राम लखन राम तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. प्रेमशंकर द्वारा कृषकों को रेशम कीट पालन से संबंधित जानकारी दी गई। रेशम मेले में दो प्रगतिशील रेशम उत्पादकों श्रीमती सरपता व सुश्री चांदनी को मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा शाल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सुधीर पांडे द्वारा किया गया। मेले में स्वयं सहायता समूह, रेशम विभाग, दुग्ध विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विभाग तथा कृषि विभाग के स्टाल लगाए गए। सहायक निदेशक रेशम बस्ती द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग हरेंद्र प्रताप, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राज मंगल चौधरी, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. पी के मिश्रा, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा बस्ती के जिला अध्यक्ष नवीन दुबे, विभिन्न विकास खंडो के 400 से अधिक कृषकगण आदि उपस्थित रहे।

# श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है, जो हमें जीवन जीने की कला सिखाता है- आचार्य रविकांत शास्त्री

**● गुरचिहवा में भव्य श्रीराम कथा का शुभारंभ, पहले दिन उमड़ा आस्था का सैलाब**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पचपेड़वा** विकासखंड के ग्राम पंचायत गुरचिहवा स्थित श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर परिसर में आयोजित आठ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का शुभारंभ बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिन अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता आचार्य रविकांत शास्त्री महाराज (अयोध्या धाम) ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

उन्होंने कहा कि राम कथा मानव जीवन में शांति, सद्भाव और एकता का संदेश देती है। राम कथा सुनने से व्यक्ति पापों से दूर होकर मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। रामायण का वास्तविक अर्थ 'राम का घर' है, और तुलसीकृत रामचरितमानस को उन्होंने 'राम कथा की गंगा' बताते हुए कहा कि इसमें हर व्यक्ति स्नान कर अपने जीवन को पवित्र बना सकता है।

आचार्य जी ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है, जो हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। परिवार, समाज, मित्र, भाई, कुटुंब और यहां तक कि शत्रु के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए, यह हमें श्रीराम के जीवन से सीखना चाहिए। उन्होंने बताया कि कलियुग में राम का नाम और राम कथा ही जीवन का सच्चा आधार है, जो व्यक्ति के अंदर विवेक, सद्बुद्धि और सकारात्मक सोच का संचार करती है।

इस अवसर पर आयोजक श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर समिति के प्रबंधक सतीश चंद्र मिश्र की विशेष भूमिका रही, जिनके नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा रहा है। साथ ही व्यवस्थापक विनय पाठक, अजय शुक्ला, उपाध्यक्ष हरिराम प्रजापति, रामपाल यादव,



सचिव गिरिजेश कुमार पांडे, संरक्षक अरुणदेव पाठक व अरुण कुमार चतुर्वेदी सहित , विवेक कुमार, नीलम, रवि गुप्ता, हरीराम प्रजापति, कल्लू नेता, विनय गुप्ता, बुद्धमान पेंटर, रामलौटन मौर्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि यह आठ दिवसीय श्रीराम कथा आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करेगा।

# दो पक्षों के बीच मारपीट में डॉ अंबेडकर प्रतिमा का हांथ टूटा

**● थाना कैलिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रतिमा कराई दुरुस्त**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)**- सेता गांव में दो पक्षों के बीच हुए आपसी झगड़े में एक युवक का सिर फट गया, इसी दरम्यान मौके पर ही स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा का एक हांथ झगड़ रहे लोगों का धक्का लगने से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर थाना कैलिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था कायम करते हुए दोनों पक्षों के 4 लोगों को पकड़ लिया। रात में ही थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल द्वारा प्रतिमा का क्षतिग्रस्त हांथ दुरुस्त करा दिया गया। मौके पर एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैलिया थाना क्षेत्र के सेता गांव में गांव किनारे डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। गुरुवार की रात करीब 8 बजे प्रतिमा के नजदीक ही गांव के दो युवक कोई कमेंट पास करने को लेकर आपस में गाली गलौज करने लगे, देखते ही देखते दोनों में लात घूंसो और चप्पलों से मारपीट होने लगी। शोरगुल सुनकर दोनों पक्षों के कुछ अन्य लोग भी मौके पर आकर आपस में मारपीट करने लगे। पत्थर लगने से बाई नाम के युवक का सिर फट गया। इसी दरम्यान इनमें से किसी व्यक्ति का धक्का प्रतिमा में लग गया जिसके चलते प्रतिमा का एक हांथ क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पीआरवी सहित थाना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल तत्परता दिखाते हुए तत्काल ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों के 4 लोगों को पकड़ लिया। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चैक कर थानाध्यक्ष ने रात में ही प्रतिमा का क्षतिग्रस्त हांथ दुरुस्त करा दिया और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वहां पुलिस बल की तैनाती कर दी। शुक्रवार को थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों के बाबूलाल पुत्र जीवनलाल, मानवेंद्र पुत्र लालजी, मूलचंद्र पुत्र रक्सू और बाई पुत्र मूलचंद्र के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के बाबत तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, झगड़ा करने वाले दोनों पक्षों के 4 लोगों पर शांति भंग की कार्यवाही की गई है और धक्का लगने से प्रतिमा का जो हांथ क्षतिग्रस्त हुआ था उसे रात में ही दुरुस्त करा दिया गया है। गांव में शांति व्यवस्था कायम है फिर भी एहतियातन पुलिस बल लगाया गया है।

## सीडीओ बाल गोविन्द शुक्ल ने आकस्मिक निरीक्षण, गौ-संरक्षण केंद्र बैदाखास की व्यवस्थाएं संतोषजनक



**● 375 गोवंश संरक्षित, भूसा-चोकर की पर्याप्त उपलब्धता और साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त**

**हरे चारे की सुनिश्चित आपूर्ति के निर्देश, सीसीटीवी व्यवस्था पाई गई क्रियाशील**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही,** 20 मार्च 2026:-मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल द्वारा आकस्मिक रूप से विकास खंड ज्ञानपुर स्थित गौ संरक्षण केंद्र बैदाखास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जनार्दन मौर्य, पशु मित्र संदीप यादव एवं केयर टेकर मौके पर उपस्थित मिले। निरीक्षण में पाया गया कि केंद्र पर कुल 375 गोवंश संरक्षित हैं। केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक रही तथा गोवंशों के लिए भूसा एवं चोकर की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध पाई गई। साथ ही केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे भी क्रियाशील अवस्था में मिले। संरक्षित गोवंशों में से दो गाय दूध दे रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने भूसा भंडारण एवं दान के माध्यम से भूसा प्राप्त करने की व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गोवंशों के लिए हरे चारे की नियमित एवं पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

## जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने की विधायक से किया मांग



**चुनार, मीरजापुर।** विधायक अनुराग सिंह को भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष अजय शेखर पांडेय द्वारा तहसील के अधिकारियों के साथ चाय पर आमंत्रित किया। विशेष कारण पूछने पर मंडल उपाध्यक्ष ने बताया कि तहसील मुख्यालय से थोड़ा पहले श्रीराम जानकी मंदिर के पास सड़क काफी दिनों से गड्ढों में तब्दील हो गया है और सड़क के दोनों तरफ गंदा पानी निकासी हेतु बनी नाली के टूट जाने से गड्ढों में गंदे पानी का जल जमाव हो जा रहा है जिसमें आए दिन राहगीर गिरकर चुटहिल हो रहे हैं और बराबर रास्ता अवरूद्ध हो जाता है। समस्या के समाधान हेतु कई बार पार्टी पदाधिकारियों के साथ तहसील व नगर पालिका के अधिकारियों से कहा गया लेकिन आज तक समस्या का समाधान नही कराया गया जबकि इसी रास्ते अधिकारियों की वाहनों से लोग तहसील, ब्लाक, स्वास्थ्य केन्द्र, नगर पालिका जाते हैं।

## हनुमान जी मंदिर पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के मूर्ति की स्थापना शंख घंटा घड़ियाल जय श्री राम के जयघोष के साथ किया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** शुक्रवार श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के तत्वाधान में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी संगमोहल स्थित हनुमान जी मंदिर पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के मूर्ति की स्थापना भजन कीर्तन के साथ शंख घंटा घड़ियाल जय श्री राम के जयघोष के साथ किया गया। उपरोक्त पूजन आरती का कार्यक्रम अष्टमी तक अनवरत चलता रहेगा ।

इस अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के संयोजक शुभम गुप्ता 'साईं' ने कहा की 27 मार्च रामनवमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा को भव्य रूप प्रदान करने के लिए 24 मार्च दोपहर 2:00 बजे रेलवे स्टेशन से मोटरसाइकिल जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ संगमोहल स्थित हनुमान मंदिर पर समापन होगा।

25 मार्च को मातृशक्ति बहनों का स्कूटी जन जागरण यात्रा रेलवे स्टेशन से 2:00 बजे निकल जाएगी। इस अवसर पर शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष राज महेश्वरी ने सभी रामभक्तो से अनुरोध किया की पूरे नगर को भगवामय करते हुए हर गली मोहल्ले को दुल्हन की तरह सजाया जाए । इस अवसर पर शोभा यात्रा समिति के प्रभारी राहुल चंद जैन वायु ने कहा की प्रभु श्री राम की भव्य शोभा नगर के विभिन्न स्थानों पर जाएगी जहा पर नगर के सभी रामभक्त जो सेवा करते है उनका अभिवादन कीया और इस बार भी भव्य शोभायात्रा निकले।

इस अवसर पर मंत्री बृजेश गुप्ता ने सबका आभार व्यक्त किया व कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर शोभा यात्रा समिति के संरक्षक विद्याधर तिवारी, आशु कान्त चुनाहे, मनोज दमकल, रवि शंकर साहू मनिष गुप्ता ने भगवान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया व भव्य आरती किया।

इस अवसर पर विभाग संयोजक बजरंग दल प्रवीण, महिला प्रभारी शिखा अग्रवाल महिला सह प्रमुख शेफाली जैन, सपना सिंह सह प्रभारी विशाल मालवीय प्रिन्स केसरी, पियुष तिवारी, पियुष अग्रवाल, अभिनव प्रताप सिंह, सह संयोजक सुरज सेठ शिवम सोनी शिवम जायसवाल उपाध्यक्ष हिमांशु मोदलवाल, सुरेश गुप्ता, शिवेश साहू अंशु तिवारी, राजेश सिन्हा,अतुल गुप्ता, तरून खण्डेवाल गोलू आयुष केशरवानी उज्जवल राज केशरवानी के साथ आदि रामभक्त उपस्थित थे।